भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के कुलपति पद पर चयन

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की स्थापना 1985 में संसद के एक अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर देश के शैक्षिक पैटर्न में मुक्त विश्वविद्यालय और दूरस्थ शिक्षा प्रणालियों की शुरुआत और प्रचार के लिए की गई थी।

शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रमुख होने के नाते कुलपति से यह अपेक्षा की जाती है कि वह:

- एक दूरदर्शी व्यक्ति हो, जिसके पास नेतृत्व गुणों, प्रशासनिक क्षमता के साथ-साथ शिक्षण और अनुसंधान संबंधी योग्यता हो।
- संपूर्ण शैक्षणिक रिकॉर्ड उत्कृष्ट हो तथा विश्वविद्यालय प्रणाली में प्रोफेसर के रूप में या किसी प्रतिष्ठित अनुसंधान और/या शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में (अधिमानतः उच्चतर शिक्षा प्रणाली की मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में) समकक्ष पद पर न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव हो।

वेतन एवं सेवा शर्तें:

- इस पद के लिए वेतन 2,10,000/- रुपये (नियत) प्रतिमाह है, जिसमें 11,250/- रुपये का विशेष भत्ता और विश्वविद्यालय कर्मचारियों को समय-समय पर यथास्वीकार्य अन्य सामान्य भत्ते शामिल हैं।
- सेवा की नियम एवं शर्तें, विश्वविद्यालय के अधिनियम, परिनियमों एवं अध्यादेशों में निर्धारित किए गए अनुसार होंगे।

नियुक्ति प्रक्रिया:

- नियुक्ति चयन समिति द्वारा अनुशंसित नामों के पैनल में से की जाएगी। 65 वर्ष से कम आयु (विज्ञापन के तहत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को) वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- विज्ञापन वेबसाइट **http://www.education.gov.in** और **www.ignou.ac.in** पर भी देखा जा सकता है।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के कुलपति पद के लिए आवेदन केवल शिक्षा मंत्रालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से नीचे दिए गए लिंक के अनुसार किया जाना चाहिए:

http://vcrec.samarth.ac.in

उपरोक्त लिंक इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक सक्रिय रहेगा।

यह विभाग किसी भी प्रकार के विलंब, यदि कोई हो, के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

सीबीसी 21201/11/0005/2425